>

Title: Regarding construction of Baggi Hydroelectric Plant in Mandi district of Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मुझे अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने हेतु समय देने के लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

महोदया, काश, मुझे दो मिनिट पहले बोलने का मौका मिला होता, तो ज्यादा अच्छा रहता, क्योंकि जो विषय मैं उठा रहा हूं वह विद्युत मंत्रालय से संबंधित है और तब विद्युत मंत्री जी, यहां उपस्थित थे।

महोदया, लगभग 33 वर्ष पहले, हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में बग्गी नामक स्थान पर 40 मैगावाट की एक हाइड्रोइलैक्ट्रिक पॉवर परियोजना बननी तय हुई थी। इस परियोजना को 33 वर्ष हो गए हैं। इसके ऊपर अभी तक करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। इसके अन्तर्गत 11.78 किलोमीटर लम्बी सुंग बन कर तैयार हो चुकी है। इस सुंग से पानी निकल कर 12.2 किलोमीटर लम्बी नहर में जाना था, वह भी तैयार है। उसके बाद फिर एक 14 किलोमीटर लम्बी सुंग में पानी जाने के बाद जो गेट बनना था, वह बना हुआ है और लगभग 33 वर्षों से उसमें जंग लगी हुई है।

महोदया, करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के गलत निर्णयों के कारण और बोर्ड की अनदेखी के कारण आज तक यह परियोजना पूरी नहीं हो पाई है। मुख्य सुंग पर पानी रोकने के लिए कंट्रोल गेट बनना था, वह भी बहुत पहले ही बन चुका है और अब उसमें भी जंग लग गया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि जब 33 वर्ष पहले इस परियोजना को बनना था, यदि उसके अनुसार यह बन गई होती, तो अब तक इससे कम से कम 500 करोड़ रुपए का मुनाफा सरकार को हो चुका होता और लगभग 300 से 400 लोगों को रोजगार मिल जाता।

महोदया, इस बात से पूरा देश अवगत है कि आज देश में बिजली की बहुत कमी है। आज हम जिस गति से आगे बढ़ना चाहते हैं, उस गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं, क्योंकि बिजली की बहुत कमी है और देश में हजारों-लाखों गांव आज भी ऐसे हैं, जहां बिजली नहीं है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह परियोजना कभी पूरी होगी, यदि होगी, तो कब? इसे जल्दी से जल्दी पूरा क्यों नहीं किया जा सका और 33 वर्षों तक इस परियोजना का काम लंबित क्यों रखा गया ? मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि यह राष्ट्रीय हित के साथ जुड़ी हुई परियोजना है और देश में जो बिजली की कमी है, उसे पूरी करने में यह बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

महोदया, यहां श्री पवन कुमार बंसल, माननीय संसदीय कार्य मंत्री और जल संसाधन मंत्री तथा

श्री वी. नारायणसामी, माननीय योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री उपस्थित हैं। अतः मैं उनसे चाहूंगा कि मेरे प्रश्नों का जवाब मुझे दिया जाए और इस परियोजना को जल्दी से जल्दी पूरा कराया जाए। धन्यवाद।